कम नहीं किसी से लड़कियाँ

दर्शन हंस
कक्षा - 9
केन्द्रीय विद्यालय रूड़की

कम नहीं किसी से लड़कियाँ,
जमाना बदल सकती हैं लड़कियाँ,
पाने को अपना हक ,
जमाने से लड़ सकती हैं लड़कियाँ,
पर हैं अभी भी कुछ लड़कियाँ,
झुकी हुई अत्याचारों के सामने,
दहेज की इस परम्परा से,
लड़कियाँ दबी हुई हैं , ससुराल के आगे,
जब पहुँच चुकी अंतरिक्ष तक लड़कियाँ,
तो क्यों झुके यह किसी बुराई के आगे,
अब नए रूप में आई हैं लड़कियाँ,
अत्याचारों से लड़ने में सक्षम हैं, यह लड़कियाँ,
कम नहीं किसी से लड़कियाँ,
जमाना बदल सकती हैं लड़कियाँ ।।

****